दिन– शनिवार                                                                दिनांक– 11/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                        अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में एक सौ सत्तर से अधिक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में दोनार में आरओबी का शिलान्यास और नये पुलिस भवन का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस में सोलह हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। श्री शाह आज नई दिल्ली में मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। गृहमंत्री ने कहा कि यह पखवाड़ा मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध लोगों को एक कड़ा संदेश देगा। उन्होंने राज्यों से मानस हेल्पलाइन को बढ़ावा देने का आग्रह भी किया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। उन्होंने इसे हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान विरासत बताया। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह दिव्य और भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनेगा।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में योग, शारीरिक शिक्षा और खेल में विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि आयोग ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से स्नातक, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को शुरू करने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सबसे पहले स्पोर्ट्स कोचिंग और योग में डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से अनुमोदन होने की स्थिति में चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन पाठ्यक्रम भी शुरू किया जायेगा।

———————————————————————————

सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार को वाहन जांच के दौरान एक व्यापारी से बत्तीस लाख रूपये छीनने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बताया कि कोलकता के एक आभूषण कारोबारी रूपये की वसूली कर छपरा की तरफ लौट रहे थे। वाहन जांच कर रहे थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने इसी दौरान व्यापारी के कार से बत्तीस लाख रूपये निकाल लिए। व्यापारी की शिकायत पर आरोपी थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष के वाहन चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के साथ ही प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आई है। आज सुबह से राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी धूप खिली हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान ठंड में और कमी आयेगी। न्यूनतम तापामन में दो से चार डिग्री बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

———————————————————————————

नालंदा जिले के हरनौत में धोबा नदी पुल पर एक ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, पटना में गांधी सेतु पर चालीस यात्रियों से भरी एक बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार यात्रियों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तारमठिया गांव में अपराधियों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

पटना के बिहटा में डोमनिया पुल के पास बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज ऑफिस में आग लगने से लाखों रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

———————————————————————————

पटना के बख्तियारपुर के वार्ड नंबर चार में दो गुटों के बीच आपसी विवाद में लगभग पचास राउंड फायरिंग हुई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समाप्त